32. **निम्न में से किस एक हड़प्पन स्थल से जोते हुए खेत के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं?**
(a) कालीबंगा (b) रोपड़
(c) सोथी (d) नोहर
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022
House Keeper 2022, Exam 09.07.2022
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019
RPSC School Lecturer 2017

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

33. **कालीबंगा वर्तमान गंगानगर जिले में किस नदी के कांठे में स्थित है?**
(a) सिन्धु (b) आहड़
(c) घग्घर (d) चेनाब
Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022
पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

34. **निम्नलिखित में से किस सभ्यता में विकसित एवं सामरिक महत्त्व को किलेबंदी के अवशेष प्राप्त हुये हैं?**
(a) बैराठ (b) कालीबंगा
(c) ईसवाल (d) गणेश्वर
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) – राजस्थान के हनुमानगढ़ (पूर्व में श्री गंगा नगर) जिले में घग्घर नदी के तट पर उत्खनन के दौरान 'कालीबंगा' में कांस्ययुगीन सभ्यता के दो टीले (दुर्ग) मिले जो सुरक्षात्मक दीवारों से घिरे हुए थे। कालीबंगा से दो किले (दुर्ग टीले) मुंहर जुते हुए खेत, अग्नि कुण्ड (यज्ञवेदी) सड़के इत्यादि के साक्ष्य मिले हैं।

35. **निम्नलिखित में से किसने कालीबंगा सभ्यता की खोजकी?**
(a) अमलानन्द घोष (b) रतन चन्द्र अग्रवाल
(c) एच.डी.सांकलिया (d) वी.एन.मिश्र
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : कालीबंगा सभ्यता की खोज सर्वप्रथम 1951 ई. में अमलानंद घोष ने की थी यह उत्तरी राजस्थान में घग्घर नदी के किनारे हनुमानगढ़ (पूर्व में श्री गंगा नगर) जिले में स्थित है। तथा सन् 1959-60 से लगातार एक दशक तक बी.बी. लाल एवं बी.के. थापर ने उत्खनन कार्य किया।

36. **किस पुराविद् को प्रथम बार 'कालीबंगा' सभ्यता को प्रकाश में लाने का श्रेय दिया जाता है?**
(a) अमलानन्द घोप (b) बी.बी. लाल
(c) बालकृष्ण थापड़ (d) आर.सी. अग्रवाल
कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

37. **कालीबंगा का उत्खनन कार्य किसके नेतृत्व में निष्पादित हुआ था?**
(a) वी.एम. वाकणकर (b) वी.एन.मिश्रा
(c) एच.डी. सांकलिया (d) बी.बी.लाल
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

38. **कालीबंगा से हड़प्पा पूर्व की सभ्यता के मिलते-जुलते अवशेष पाकिस्तान में किस स्थान पर मिले हैं?**
(a) सुत्कागेंडोर (b) लाहौर
(c) कोट डीजी (d) मोंटगोमरी
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – कालीबंगा से हड़प्पा पूर्व की सभ्यता के मिलते-जुलते अवशेष पाकिस्तान के कोटदीजी क्षेत्र से मिलते है।

39. **आहड़ सभ्यता के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**
(A) आहड़वासी तांबा गलाना जानते थे।
(B) ये लोग चावल से परिचित नहीं थे।
(C) धातु का काम आहड़वासियों की अर्थव्यवस्था का एक साधन था।
(D) यहाँ से काले-लाल रंग मद्‌भाण्ड मिले हैं, जिन पर सामान्यतः सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई हैं।
सही विकल्प का चयन कीजिए-
(a) A, C एवं D सही हैं।
(b) A एवं B सही हैं।
(c) A, B एवं C सही हैं।
(d) C एवं D सही हैं।
RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (a) : आहड़ सभ्यता (संस्कृति) एक ताम्र पुरापाषाणिक संस्कृति है जो दक्षिण-पूर्व राजस्थान में आहाड़ नदी के तट पर उदयपुर जिले में 1700 ई.पू. से 1500 ई.पू. तक फली-फूली। यह लगभग सिन्धु सभ्यता की समीपवर्ती रही है। इसे बनास संस्कृति भी कहते हैं।
- आहड़वासी ताँबा गलाना जानते थे। धातु का काम इनके अर्थव्यवस्था का एक साधन था। यहाँ से काले-लाल रंग के मृदभाण्ड मिले हैं, जिन पर सामान्यतः सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई है। अहाड़ संस्कृति के लोग मूलतः कृषक एवं पशुपालक थे।

40. **निम्नलिखित जिलों में से किस जिले से आहाड़ संस्कृति के अवशेष मिले हैं?**
(a) चित्तौड़ (b) बाँसवाड़ा
(c) उदयपुर (d) राजसमन्द
RPSC-2011

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

41. **आहड़ के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन असत्य है?**
(a) आहड़ के उत्खन्न से मानव जीवन के विभिन्न चरणों पर प्रकाश पड़ता है।
(b) आवासीय भवनों की नींव ईंटों की होती थी।
(c) मिट्टी अथवा कच्ची ईंटों से निर्मित भवन अब उपलब्ध नहीं हैं।
(d) आहड़वासी दीवारों एवं नीवों को मजबूत एवं सौन्दर्ययुक्त बनाने हेतु मिट्टी में क्वाट्ज के टुकड़े एवं चिप्स के सम्मिश्रण का प्रयोग करते थे।
RPSC-2017